**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3612**

**दिनांक 17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**
**मुक्त व्यापार समझौते**

**3612. श्री राव राजेन्द्र सिंह:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास वर्ष 2019 से अब तक अंतिम रूप दिए गए अनेक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के संबंध में कोई जानकारी है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास ऐसे किन्ही मुक्त व्यापार समझौतों के संबंध में कोई आंकड़े हैं जिनकी वर्तमान में योजना बनाई जा रही है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन मुक्त व्यापार समझौतों से देश की जनता के लिए कितनी नौकरियों सृजित होने की संभावना है; और

(ग) क्या विगत मुक्त व्यापार समझौतों का इसके पक्षकार देशों के बीच संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबध में कोई जानकारी उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) भारत सरकार ने वर्ष 2019 से अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ निम्नलिखित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं:

| क्रम. सं | समझौते का नाम | समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता (सीईसीपीए) | 22 फरवरी, 2021 |
| 2 | भारत-यूएई सीईपीए | 18 फरवरी, 2022 |
| 3 | भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (इंड -ऑस ईसीटीए) | 2 अप्रैल, 2022 |
| 4 | भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) | 10 मार्च 2024 |

(ख) और (ग): वर्तमान में भारत अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ निम्नलिखित एफटीए पर वार्ताएं कर रहा है:

(i) भारत-यूके एफटीए, यूनाइटेड किंगडम के साथ
(ii) यूरोपीय संघ के साथ इण्डिया-ईयू एफटीए
(iii) आस्ट्रेलिया के साथ, भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए)
(iv) पेरू के साथ, भारत-पेरू व्यापार समझौता
(v) श्रीलंका के साथ, भारत-श्रीलंका आर्थिक और तकनीकी सहयोग समझौता (ईटीसीए), और
(vi) ओमान के साथ, भारत-ओमान एफटीए।

इसके अतिरिक्त, भारत ने अपने मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों, नामतः दक्षिण कोरिया के साथ भारत-दक्षिण कोरिया व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) और 10 आसियान देशों के साथ आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) की समीक्षा भी शुरू कर दी है।

संबंधित व्यापारिक भागीदार देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतें (एफटीए) प्राथमिकतः बाजार पहुंच के दायरे को बढ़ाकर द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि करने तथा व्यापार एवं निवेश में वृद्धि करने के लिए व्यापार अनुपूरकताएं जोड़ने के उद्देश्य से किए जाते है जिसके द्वारा सम्बंधित निर्यात क्षमता प्रदान की जाती है, उद्योग और किसानों को लाभ सृजित किया जाता है और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाता है। भारत मुक्त व्यापार समझौता के अंतर्गत श्रम गहन क्षेत्र के उत्पादों के लिए अधिमानी बाजार पहुंच की भी मांग करता है, जिनके निर्यात में वृद्धि से वस्त्र, परिधान एवं चमड़े की वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में रोजगार अवसरों में वृद्धि होती है। किसी भी व्यापारिक सौदे पर सभी हितधारकों को निष्पक्षता और पारस्परिकता और समग्र लाभ के सिद्धांत के आधार पर एक व्यापक, संतुलित, विस्तृत-आधारित और न्यायसंगत समझौतों के प्रयास के साथ वार्ता की जाती है। इससे भारतीय निर्यातकों के साथ-साथ उनके प्रतिस्पर्धियों के लिए समान अवसर भी सुनिश्चित होते हैं जिनकी हमारे व्यापारिक भागीदार देशों में अधिमानी पहुंच हो सकती है।

एफटीए भागीदार देशों के साथ भारत के व्यापार में एफटीए के कार्यान्वयन के वर्ष से 2023-24 तक आयात में 84.7% की तुलना में निर्यात में 100% की वृद्धि देखी गई है। कार्यान्वयन के वर्षों और 2023-24 के लिए निर्यात और आयात का तुलनात्मक विवरण अनुबंध में संलग्न है।

*****

अनुबंध

एफटीए भागीदार देशों के साथ भारत का पण्यवस्तु व्यापार (कार्यान्वयन वर्ष और वर्ष 2023-24)

*(मिलियन अमेरिकी डॉलर में)*

| क्र. सं. | समझौता का नाम | कार्यान्वयन प्रारंभ वर्ष | निर्यात/आयात | वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कार्यान्वयन के प्रारंभ वर्ष में | 2023-24 |
| 1 | दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता (साफ्टा) पर समझौता | 2006-07 | भारत से निर्यात | 6,473.81 | 25,623.66 |
| | | | भारत में आयात | 1,507.45 | 5,171.01 |
| 2 | भारत-आसियान सीईसीए - माल, सेवा व्यापार और निवेश समझौता | 2010-11 | भारत से निर्यात | 25,627.89 | 41,207.67 |
| | | | भारत में आयात | 30,607.96 | 79,664.31 |
| 3 | भारत-दक्षिण कोरिया व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) | 2010-11 | भारत से निर्यात | 3,727.29 | 6,416.67 |
| | | | भारत में आयात | 10,475.29 | 21,135.38 |
| 4 | भारत-जापान सीईपीए | 2011-12 | भारत से निर्यात | 6,328.54 | 5,156.28 |
| | | | भारत में आयात | 11,999.43 | 17,695.52 |
| 5 | भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौता (सीईसीपीए) | 2021-22 | भारत से निर्यात | 714.85 | 778.03 |
| | | | भारत में आयात | 71.87 | 73.1 |
| 6 | भारत-यूएई सीईपीए | 2022-23 | भारत से निर्यात | 31,608.79 | 35,625.02 |
| | | | भारत में आयात | 53,231.55 | 48,025.58 |
| 7 | भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (इंड -ऑस ईसीटीए) | 2022-23 | भारत से निर्यात | 6,951.32 | 7,940.75 |
| | | | भारत में आयात | 19,011.31 | 16,159.20 |
| | **कुल निर्यात** | | | **80,717.64** | **1,61,585.08** |
| | **कुल आयात** | | | **1,26,904.86** | **2,34,381.04** |

स्रोत: डीजीसीआईएंडएस

**नोट** : जिन देशों अर्थात भूटान, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड, सिंगापुर और मलेशिया के साथ अलग-अलग एफटीए निष्पादित किए गए हैं, उन्हें सूची से अलग रखा गया है, क्योंकि वे भी ऊपर सूचीबद्ध क्षेत्रीय व्यापार समझौता (आरटीए) में से एक का हिस्सा हैं, जिससे आंकड़ों की दोहरी गणना से बचा जा सके।

*****